**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 4087**
**गुरूवार, 7 अप्रैल, 2022/17 चैत्र, 1944 (शक)**

**रोजगार कार्यालयों का स्तरोन्नयन**

**4087. श्री सैयद जफर इस्लामः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का रोजगार कार्यालयों का स्तरोन्नयन करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का इस संबंध में वित्तीय सहायता के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा किए गए अनुरोधों पर विचार करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है**?**

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) से (घ): सरकार रोजगार मिलान करने, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों संबंधी सूचना आदि जैसी रोजगार संबंधी विविध सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रही है। इस परियोजना के तहत, अब सरकार रोजगार कार्यालयों का आदर्श करियर केंद्रों (एमसीसी) में स्तरोन्नयन करने के लिए 60 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। 31.03.2022 तक उत्तर प्रदेश में 24 रोजगार कार्यालयों को एमसीसी में स्तरोन्नयन करने के लिए 6.28 करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी दी गई है।

इसके अलावा, एनसीएस पोर्टल के साथ रोजगार कार्यालयों को जोड़ने तथा रोजगार मेलों के आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश को एनसीएस परियोजना के इंटरलिंकिंग घटक के तहत आईटी अलसंरचना को बढ़ाने एवं पुनर्सज्जा के लिए 6.29 करोड़ रुपये की राशि भी जारी की गई है।

*****